# सड़कों की क्षतिग्रस्त नालियां बन रहीं मुसीबत

**खास बातें**

- कई नालियों के जाल हुए क्षतिग्रस्त
- स्पीड ब्रेकर का काम कर रहीं कई नालियां

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, शहर की कई सड़कों एवं गलियों में सड़कों के बीच में स्थित क्षतिग्रस्त नालियां राहगीरों एवं वाहन चालकों की मुसीबत बन रही है. वहीं कई नालियों पर लगाये गये जाल क्षतिग्रस्त हो गये हैं. तो कई नालियों का निर्माण इस तरह हुआ है कि वह सड़क पर स्पीड ब्रेकर का कार्य कर रही है. इन नालियों पर से वाहन के गुजरने में वाहन चालकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है. लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है.**

शहर में कई सड़कों एवं गलियों में बीच सड़क पर बनी नालियां काफी क्षतिग्रस्त हो गई हैं. तो कई नालियों के जाल टूट गए हैं. सड़कों एवं गलियों के बीच में स्थित होने से इन क्षतिग्रस्त नालियों के कारण वाहन चालकों को इन पर से वाहनों को निकालने में काफी असुविधा होती है. कई बार वाहन चालक इनके कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते है. लेकिन इस ओर जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. शहर के मुख्य मार्गों में आये दिन यातायात एवं जाम की समस्या के चलते नागरिक एवं वाहन चालक जाम से बचने के लिए इन गलियों का उपयोग आवागमन के लिए करते हैं. ऐसे में गलियों में सड़कों के बीच स्थित क्षतिग्रस्त नालियों से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. वहीं स्थानीय रहवासियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है. नागरिकों ने मांग की है कि शहर में सड़कों एवं गलियों में स्थित क्षतिग्रस्त नालियां एवं उनके क्षतिग्रस्त जाल में शीघ्र सुधार किया जावे.





### कई नालियों के जाल हुए क्षतिग्रस्त

शहर के सड़कों के बीच में स्थित कई नालियों के जाल टूटे गये हैं. वहीं कई नालियों के जाल असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिये गये हैं. तो कई के जाल चोरी हो गये है. ऐसी स्थिति में इन क्षतिग्रस्त जाल की नालियों पर से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है. शहर की कई नालियों में सुधार की आवश्यकता है. हालांकि कई नालियों को व्यवस्थित कर दिये जाने एवं पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाये जाने से इन नालियों पर जाल लगाने से बचा जा सकता है. शहर की सड़कों एवं गलियों में सड़कों के बीच स्थित कई नालियों पर लगे जाल असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिये जाते हैं. तो कई बार यह चोरी भी हो जाते है. ऐसी स्थिति में इनके विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है. जिससे बार-बार शहर की नालियों के जाल क्षतिग्रस्त न हो.

### गति अवरोधकों का काम कर रहीं नालियां

शहर में कई जगह नगरपालिका द्वारा इस तरह नालियों का निर्माण कराया गया है. जो गति अवरोधकों की तरह दिखाई दे रही हैं. शहर में छिपेटी क्षेत्र में एक मोड़ पर बनी नाली का निर्माण इस तरह किया गया है कि यह नाली गति अवरोधक की तरह दिखाई देती हैं. इस नाली पर से दोपहिया वाहनों को निकालने में काफी परेशानी होती है, तो वही नयापुरा क्षेत्र में भी एक नाली इस तरह बनाई गई है, जो गति अवरोधक की तरह दिखाई देती है. इनपर से वाहन चालकों को वाहनों को निकालने में काफी परेशानी होती है.

### इनका कहना है

इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू का कहना है कि वार्ड प्रभारियों से क्षतिग्रस्त नालियों की जानकारी एकत्रित कराई जा रही है. जिसके बाद जल्द ही टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से इन क्षतिग्रस्त नालियों का निर्माण कराया जावेगा. वही बीते दिनों एक नाली के जाल के चोरी होने संबंधी जानकारी मिलने पर नपा ने शिकायत दर्ज कराई है. नगरपालिका द्वारा जिन नालियों के निर्माण संबंधी शिकायत है, उन नालियों की नपा के इंजीनियर के माध्यम से जांच कराकर उनमें सुधार कराया जावेगा.

# पाराशरी नदी को बेतवा से जोड़ा जाएगा-शिवराज सिंह चौहान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 24 नवम्बर, पंचतत्व संरक्षण समिति ने रविवार को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बासौदा नगर आगमन पर संजय गांधी महाविद्यालय में हर बार की तरह पाराशरी के उत्थान के लिए बेतवा को पाराशरी से जोड़ने हेतु पुन: एक ज्ञापन दिया और सभा के दौरान इस ज्ञापन को स्वीकार किया गया तथा मंच से उद्बोधन में इस बात को कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री की ओर कहकर कहा कि जल**

**अब पुन : नदी पाराशरी सदनीरा रहेगी**

**गंगा संवर्धन अभियान और जल संरक्षण के तहत पाराशरी नदी को बेतवा नदी से जोड़ा जाएगा और इसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने सभा में की.**

ज्ञात हो को पंचतत्व संरक्षण समिति पिछले वर्ष अगस्त 2022 से लगातार इस मांग को उठा रही है और कई हाथों में इस ज्ञापन को देते हुए पाराशरी नदी को बचाने की गुहार लगा रही है कृषि मंत्री ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि बासौदा में एक नदी नहीं दो दो नदियां है और सौभाग्य की बात यह है कि यहां बहती हुई बेतवा नदी में तो पानी बह रहा है और अन्य जगह बेतवा में पानी ही नहीं है, इसलिए बेतवा को पाराशरी से जोड़ा जाकर जल संवर्धन में भी काम करना चाहिए. पंचतत्व के सभी सदस्यों और शहर वासियों में यह खुशी की लहर है कि अब आगे पाराशरी नदी बहने लगेगी, ज्ञापन देते समय पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी सचिव प्रमोद सिंह राजपूत, सुरेंद्र भारद्वाज,सासंद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव शैलेन्द्र दीक्षित, राजेंद्र व्यास संदीप रावत बृजेंद्र दांगी,रमन ठाकुर, रणवीर सिंह आदि उपस्थित थे.

## बाबासाहेब अंबेडकर की स्टैचू का शीघ्र हो उद्घाटन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर चौराहा का निर्माण कई महीनों पहले हो चुका है, लेकिन बाबा साहब की स्टैचू को कपड़े में बांधकर कई महीनों से बंद कर रखा गया है.कमलेश गोदरे सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि उद्घाटन की तिथि 26 नवंबर 2025 निर्धारित की गई थी, लेकिन अभी तक उद्घाटन अनावरण की तैयारी नहीं की गई है. यह बाबा साहब के अनुयायियों का अपमान है और महापुरुषों का अपमान माना जाएगा.हम अंबेडकर अनुयायियों से अनुरोध करते हैं कि बाबा साहब की स्टैचू का उद्घाटन शीघ्र कराया जाए.सम्मानित अंबेडकर अनुयायियों से अनुरोध है कि वे इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाएं और बाबा साहब की स्टैचू का उद्घाटन शीघ्र कराने के लिए पहल करें.



## कार्यक्रम में बिना फ्रंट कांच की बस से पहुंचे लोग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** बासौदा में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में एक अजब नजारा दिखाई दिया. इस दौरान एक ऐसी बस से भी लोग पहुंचे, जिसमें बस के फ्रंट का कांच ही नहीं था. या निकाल दिया गया था. जो चर्चा का विषय बना रहा. वही जिम्मेदारों द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया. जिसके कारण बस में सवारी हवा आदि से परेशान हुई. यह बगैर फ्रंट कांच वाली बस लोगों को लेकर कार्यक्रम में पहुंची. जिसको लेकर जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आई.

**एक नजर में**

## 80 लोगों ने कराई आंखों की जांच

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** नगरपालिका शादी हाल तलैया में आंखों की जांच के लिये शिविर लगाया गया. जिसमें नेत्र रोग चिकित्सकों ने लोगों की आंखों से संबंधित निश्शुल्क जांच की. शिविर में करीब 80 मरीजों ने पंजीयन कराकर आंखों की जांच कराई. नेत्र रोग चिकित्सकों ने मरीजों को आंखों से संबंधित सावधानियां और उसके उपचार के बारे में जानकारी दी.

## एसआईआर को लेकर भाजपा-कांग्रेस सक्रिय



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** शहर में इन दिनों एसआईआर को लेकर कार्य चल रहा है. ऐसे में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी एसआईआर में मतदाताओं की मदद कर रहे हैं. नगर कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद गौरी ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया में पार्टी के कार्यकर्ता सक्रिय रहकर लोगों की मदद कर रहे हैं. पूर्व की एसआईआर में नाम खोजने तथा एसआईआर के फॉर्म भरने में मतदाताओं को जानकारी देकर उनकी मदद की जा रही है.

# विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**पठारी, नगर के राम जानकी राज मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रखंड बैठक संपन्न हुई, सर्वप्रथम राम दरबार के चित्र पर तिलक लगाकर पुष्पमाला अर्पित की.बैठक में विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी ने पूर्व के कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई. उन्होंने बताया की वर्तमान समय में लव जिहाद लैंड जिहाद गो तस्करी एवं धर्मांतरण को रोकने के लिए बजरंग दल एड़ी चोटी की ताकत लगा रहा है.**

प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुनील यादव ने बताया वर्तमान समय में हिंदुओं को आपस में तोड़ने का काम किया जा रहा है जिसके जवाब में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सामाजिक समरसता का काम कर रहा है.बैठक के अंतिम सत्र में संगठन के कुछ महत्वपूर्ण दायित्वों की घोषणा हुई.इस मौके पर जिला सह मंत्री डॉ सरित श्रीवास्तव ,अनिल कटिहार ,सतीश सोनी ,शिवा दुबे ,प्रखंड अध्यक्ष अंशुल सिंघई ,नितिन जैन प्रखंड मंत्री नीलेश रजक आशु दुबे सुरेश साहू चंदू वंशकार नितिन वाल्मीकि सतीश वाल्मीकि प्रहलाद मालवीय नरेंद्र कुर्मी दर्शन सोनी अभिषेक रैकवार अनुज ठाकुर विशाल यादव अजय कुशवाह सुरेंद्र लोधी अनिल सुमन एवं बजरंग दल के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.



# सिरोंज जिला बनाने की लिये नेता प्रतिपक्ष को दिया पत्र

**कांग्रेस नेता के पत्र पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष कार्यालय ने सचिव राज्य पुनर्गठन आयोग को लिखा पत्र**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, प्रदेश कांग्रेस सचिव विनोद सेन ने सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर म.प्र. विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को पत्र दिया है. उसके बाद उनके पत्र के समर्थन में म.प्र. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष कार्यालय ने राज्य पुनर्गठन आयोग के सचिव को पत्र लिखा है.**

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव विनोद सेन ने बताया कि उन्होंने म.प्र. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात कर सिरोंज जिला बनाने की मांग को लेकर एक पत्र सौंपा. जिसमें उन्होंने सिरोंज, लटेरी, कुरवाई तहसील तथा आनंदपुर एवं पथरिया उप तहसील और प्रस्तावित सतपाडा हाट व दीपनाखेडा को तहसील का दर्जा देकर सिरोंज को जिला बनाने की मांग की. उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि ऐतिहासिक, प्राचीन, धार्मिक, सांस्कृतिक व व्यापारिक शहर सिरोंज को 1 नवंबर 1956 को राजस्थान राज्य से मध्यप्रदेश राज्य में सम्मिलित किया गया. पूर्व में सिरोंज को राजस्थान में टोंक रियासत में जिले का दर्जा रहा है.



सिरोंज की जिला मुख्यालय विदिशा से दूरी 85 किमी तथा सिरोंज विधानसभा के ग्राम उनारसी कला की दूरी जिला मुख्यालय से करीब 120 किमी है. जिससे जिला मुख्यालय में आने जाने के लिए आमजनों को परेशानी होती है. सिरोंज से कुरवाई की दूरी करीब 40 किमी एवं लटेरी को दूरी करीब 30 किमी है. सिरोंज में कई प्रमुख कार्यालय मौजूद है. भौगोलिक दृष्टि से आमजन की परेशानियों को देखते हुए तथा अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सिरोंज को नवीन जिला बनाया जाना आवश्यक है. उन्होंने सिरोंज, लटेरी, कुरवाई तहसील तथा आनंदपुर एवं पथरिया उप तहसील और प्रस्तावित सतपाडा हाट व दीपनाखेडा को तहसील का दर्जा देकर सिरोंज को जिला बनाने की मांग की. प्रदेश कांग्रेस सचिव के पत्र के आधार पर म.प्र. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष कार्यालय ने राज्य पुनर्गठन आयोग के सचिव को पत्र लिखा है.

# बौद्ध महोत्सव नजदीक पर अलाव व्यवस्था नदारद

**कड़ाके की ठंड के बीच तैयारियों में जुटा प्रशासन**

नवभारत न्यूज

**सांची, जैसे-जैसे बौद्ध महोत्सव अपनी तय तिथि के करीब पहुँच रहा है, वैसे-वैसे ठंड भी अपने पूरे वेग पर दिखाई दे रही है. नगर में सुबह-शाम की ठिठुरन लगातार बढ़ रही है और लोग ठंड से बचाव के लिए जगह-जगह भटकते नजर आ रहे हैं. इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा अब तक अलाव जैसी बुनियादी व्यवस्था शुरू न किए जाने से नागरिकों में नाराजगी बढ़ गई है.**

जानकारों का कहना है कि आगामी दिनों में तापमान और गिरने की संभावना है.ऐसे में महोत्सव के दौरान देश-विदेश से आने वाले हजारों आगंतुकों के सामने ठंड से निपटना बड़ी चुनौती बन सकता है. स्थानीय लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि समय रहते अलाव की व्यवस्था नहीं की गई, तो यात्रियों के साथ नगरवासी भी ठंड का खामियाजा भुगतने को मजबूर हो जाएंगे.इधर महोत्सव की अन्य तैयारियाँ तेजी से जारी हैं. नगर भर में सड़कों को दुरुस्त करने, गड्ढे भरने और डामरीकरण कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है. जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार निरीक्षण करके दिशा-निर्देश दे रहे हैं.लेकिन नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष ठंड बढ़ते ही प्रशासन द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी जाती थी, जबकि इस बार कड़ाके की ठंड आने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया है.लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द ठंड से राहत देने के लिए जगह-जगह अलाव की सुविधा उपलब्ध कराने आगे आये.महोत्सव की चकाचौंध से पहले जरूरत है कि प्रशासन ठंड से राहत की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान देसके.

# 22 दिसंबर से होगा रामलीला मंचन का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सांची,प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली ऐतिहासिक रामलीला की भव्य तैयारियों को लेकर आज रामलीला मैदान में रामलीला समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में समिति के सभी पदाधिकारियों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की.**

बैठक के दौरान इस वर्ष के रामलीला मंचन की समग्र व्यवस्था, मंच निर्माण, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आयोजन समिति के दायित्वों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े अनेक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए. पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रामलीला का आयोजन भव्यता और परंपरा के अनुरूप संपन्न होगा.समिति द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार, रामलीला मंचन 22 दिसंबर 2025 को भगवान गणेश की स्थापना एवं पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ होगा. आयोजन का समापन 9 जनवरी 2026 को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के पावन प्रसंग के साथ किया जाएगा. बैठक में मंचन की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियाँ भी नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिकों को सौंपी गई.समिति के प्रमुख पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष रामलीला को अधिक सुव्यवस्थित, आकर्षक और भक्तिमय बनाने के लिए विशेष योजनाएँ तैयार की गई हैं, जिन पर कार्य तुरंत प्रारंभ किया गया.

**आयोजन** | **वासुदेव की पावन नगरी में आस्था की तरंगें, 2100 कलशों के साथ निकली दिव्य शोभायात्रा**

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की कलश यात्रा में उमड़ा सनातन परंपरा का सैलाब

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, राजेंद्र नगर स्थित भगवान श्री रामदेव मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा, पंचकुंडात्मक रूद्र महायज्ञ और श्री राम कथा के पूर्व सोमवार को नगर में निकली भव्य कलश यात्रा में सनातन संस्कृति का सौंदर्य, भक्ति की अनुभूति और परंपराओं की अनुपम झलक देखने मिली.**

सौभाग्यवती माताएं और बहनें 2100 मंगल कलशों की सुवासित पंक्तियाँ के रूप में महोत्सव की कलश यात्रा जैसे-जैसे नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पहुंची तो श्रद्धा, आस्था और भक्ति के अपार जन समूह ने गंजबासौदा को मानो वासुदेव की नगरी होने का साक्षात प्रमाण दे दिया. सोमवार को स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर से दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुई भव्य कलश यात्रा 3 किलोमीटर का सफर तय कर मुख्य मार्गो से होते हुए शाम करीब 5 बजे राजेंद्र नगर स्थित रामदेव बाबा मंदिर पहुंची.



मालूम हो कि राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में 25 नवंबर मंगलवार से संगीतमय श्री राम कथा के साथ देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पंचकुंडात्मक रूद्र महायज्ञ प्रारंभ हो जाएगा.25 नवंबर से 3 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्री प्रेमभूषण जी महाराज दिव्य श्रीराम कथा का अमृतवर्षण करेंगे. कथा दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक राजेंद्र नगर, रामदेव बाबा मंदिर के पास आयोजित की गई है.

### कलश यात्रा में धर्मध्वजा आगे, श्रद्धा पीछे

संत समाज की अगुवाई में निकली भव्य कलश यात्रा में महाराणा प्रताप व्यायाम शाला सिरोंज और रामदेव व्यायाम शाला बैरसिया से आए अखाड़ों ने एक से बढ़कर एक अपने करतबों का प्रदर्शन किया.रमतूला और देसी ढपलों के शानदार प्रदर्शन ने पुरानी संस्कृति को फिर से जीवित कर दिया.धर्मध्वजा धारण किए साधुङ्कसंतों, डीजेङ्कबैंड, ऊँचे घोड़ों पर सवार अग्रदूतों और हजारों श्रद्धालुओं के बीच निकली यह शोभायात्रा श्रद्धालुओं के साथ-साथ नगर के सनातन विश्वास की जीवित धड़कन बनती हुई दिखाई दी. यात्रा में 11 रथ शोभामान थे जिन पर गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी,आचार्य पं. केशव शास्त्री, पं. अरविंद अवस्थी सहित क्षेत्र के प्रमुख संतङ्कमहंत रथ में विराजमान थे. करीब 3 किलोमीटर लंबी यह दिव्य यात्रा नौलखी मंदिर से प्रारंभ होकर नेहरू चौक, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, सावरकर चौक, सिरोंज चौराहा और लोहा मिल रोड से होते हुए राजेंद्र नगर स्थित रामदेव बाबा मंदिर तक पहुँची.

### धर्मनगरी का हृदय, फूलों से पटी सड़कें, जयघोष से गुंजायमान हुआ आकाश

कलश यात्रा के पूरे मार्ग में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा, केसर दूध,मालाओं और शीतल शरबत से श्रद्धालुओं का आस्था और भक्ति के साथ सनातन धर्म के ध्वज सेवक के रूप में हृदय से स्वागत किया.यह केवल स्वागत नहीं, बल्कि सनातन धर्म के प्रति गंजबासौदा के प्रेम, समर्पण और सांस्कृतिक गौरव का रसमय प्रदर्शन था. आयोजन के प्रमुख, रामदेव बाबा मंदिर के पीठाधीश्वर पं. हरी नारायण जी पाठक 'गुरुदेव' स्वयं पैदल चलते हुए यात्रा में शामिल रहे। महिलाओं की अपार भीड़ के कारण जयस्तंभ चौक पर यातायात रोककर पुलिस को विशेष व्यवस्था करनी पड़ी.कलश यात्रा में यजमान राजेंद्र तिवारी और राजकुमार शर्मा सिरोंज धर्म ग्रंथ लेकर साथ चल रहे थे.

# सिरोंज विधानसभा के दो मतदान केंद्र पर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन

**एसआईआर के तहत कार्य जोरों पर**

**सिरोंज विधानसभा में अभी तक 62 .74 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का कार्य इन दिनों जोरों पर है. सोमवार को सिरोंज के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने एसआईआर कार्य का जायजा लिया.**

तहसील स्थित निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में करीब 2 लाख 26 हजार 424 मतदाता है. जिनके लिये निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का कार्य इन दिनों जोरों पर है. अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने सोमवार को एसआईआर के तहत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने कार्य में गति लाने के निर्देश दिये. उन्होंने मतदाताओं को आ रही समस्याओं के भी निदान करने के निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है. उन्होंने मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया. उन्होंने बताया कि सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में अभी तक करीब 62.74 प्रतिशत मतदाताओं का ऑनलाइन डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा चुका है. वही सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के दो मतदान केंद्रों पर एसआईआर के तहत शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया गया है. जिनमें मतदान केंद्र 132 सेमरा तथा मतदान केंद्र 116 देहरी मजरा टोकरा शामिल है.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए